हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार 2 जनवरी 2026

11 पूर्व सैनिकों की बैठक में फिर उठी सैनिक स्कूल की मांग



12 सफाई कर्मियों ने धरना देकर ठेका प्रथा का विरोध जताया



## खबर संक्षेप

### किसान धर्मशाला में रक्तदान शिविर कल

**झज्जर।** रोहतक लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यूथ कांग्रेस के शहरी अध्यक्ष रामअवतार दीपक गहलोत ने बताया कि शहर के रोहतक रोड स्थित चौधरी छोटूराम किसान धर्मशाला में सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित इस शिविर में रक्त संग्रहण का कार्य स्थानीय नागरिक अस्पताल व जिला रेडक्रॉस सोसायटी टीम द्वारा किया जाएगा।

### बादली में तार, लाइनपार क्षेत्र से बाइक चोरी

**बहादुरगढ़।** इलाके में चोरी की वारदात नहीं थम रही। अब दो जगहों पर और वारदात हो गई। बादली में एपी लाइन की चार स्पेन तार चोरी हो गई। बादली निवासी सुरेंद्र की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है। वहीं लाइनपार से सोनू नाम के एक युवक की बाइक चोरी हुई है। इस संबंध में लाइनपार पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### आदर्श हत्याकांड में दो और नाबालिग आरोपी काबू

**बहादुरगढ़।** आदर्श हत्याकांड में सेक्टर-6 थाना पुलिस ने दो और आरोपी गिरफ्तार किए। दोनों नाबालिग आरोपियों को बाल सुधार गृह भेज दिया है। मामले में अब तक कुल छह गिरफ्तारियां हो चुकी हैं, जांच जारी है। दरअसल, बीते शनिवार को क्रिकेट में विवाद को लेकर कई युवकों ने महावीर पार्क में नहर के पास आदर्श व अफजल पर रॉड व डंडों से हमला कर दिया था। हमले में दोनों को गंभीर चोट आई और आदर्श की जान चली गई। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जांच शुरू की। मामले में कई युवकों के नाम सामने आए। इनमें से पुलिस ने चार आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया और पूछताछ के बाद वे जेल भेज दिए। इसके बाद पुलिस ने अब दो और आरोपियों को काबू किया है। ये दोनों आरोपी नाबालिग हैं। पूछताछ के बाद दोनों बाल सुधार गृह भेज दिए हैं।

### थ्रेशर चोरी मामले में दो गिरफ्तार, ट्रैक्टर बरामद

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा थ्रेशर चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी झाड़ली प्रभारी उप निरीक्षक सत्यवीर ने बताया कि बलविंदर निवासी सासरौली की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गोविंद निवासी पोता, जिला महेंद्रगढ़ तथा दीपक निवासी मुण्डालीय, जिला रेवाड़ी के रूप में हुई है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किया हुआ थ्रेशर तथा वारदात में प्रयोग किया गया ट्रैक्टर भी बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया।

**रेलवे ट्रैक पर लापरवाही बनी जानलेवा : बार-बार चेताने के बावजूद नहीं मान रहे लोग**

# रेलवे ट्रैक पर रील बनाते वक्त ट्रेन की चपेट में आने से जीजा-साले की मौत

## टीकरी बॉर्डर पर सैलून चलाता था रोहित, 27 को बिहार से आया था भाई का साला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

रेलवे ट्रैक पर रील बनाने का खतरनाक शौक युवाओं की जिंदगी लील रहा है। इलाके में लगातार ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। दिल्ली सीमा के निकट ट्रैक पर रील बनाते समय ट्रेन की चपेट में आने से दो प्रवासी युवकों की जान चली गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए हैं।

मृतकों की पहचान राहुल और रोहित के रूप में हुई है। दोनों युवक मूल रूप से बिहार के चंपारण जिले से थे। जानकारी के अनुसार, रोहित यहां परिवार सहित टीकरी बॉर्डर स्थित हरिदास कॉलोनी में रहता था तथा टीकरी बॉर्डर पर सैलून चलाता था, जबकि राहुल गत 27 दिसंबर को गांव से यहां आया था। वह रोहित के भाई का साला था। बताते हैं कि बुधवार शाम दोनों युवक रेलवे ट्रैक पर गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वे रेलवे लाइन पर खड़े होकर रील बना रहे थे।

इसी दौरान ट्रेन आ गई और दोनों उसकी चपेट में आ गए। हादसा इतना भीषण था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।





बहादुरगढ़। अस्पताल में मौजूद मृतकों के परिजन। फोटो : हरिभूमि

### दिसंबर में भी दो युवकों की गई थी जान

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। वीरवार को परिजनों के बयान दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। गौरतलब है कि बहादुरगढ़ इलाके में रेलवे ट्रैक पर रील बनाने के दौरान हादसों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दिसंबर माह में भी छोटूराम नगर के पास रेलवे लाइन पर दो दोस्तों की इसी तरह रील बनाते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। पुलिस ने युवाओं से अपील की है कि वे सोशल मीडिया के लिए जान जोखिम में डालकर रील न बनाएं। साथ ही आम नागरिक भी जागरुकता दिखाएं। यदि कोई युवक रेलवे लाइनों पर रील बनाते दिखाई दे तो उसे वहां से हटाएं और समझाएं ताकि ऐसे हादसों को रोका जा सके।

## प्रवासी श्रमिकों से भरी बस दादरी तोए के पास पलटी, छह लोग घायल

**अलसुबह करीब चार बजे हुआ हादसा, यूपी से राजस्थान जा रही थी बस**

**झज्जर।** शहर के गुरुग्राम मार्ग पर श्रमिकों को लेकर राजस्थान जा रही एक टूरिस्ट बस पलटने के कारण उसमें कई लोग घायल हो गए। गणीमत यह रही कि बस की गति धीमी होने के कारण लोगों को हल्की चोटें आईं। वीरवार अलसुबह करीब चार बजे हुई इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा राहगीरों की सहायता से घायल लोगों को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार जब ओवरटेक करते समय एक ट्रक बस के नजदीक से गुजरा और बस चालक ने बस को सड़क किनारे किया तो मिट्टी कम होने के कारण वह नीचे संतर में जा गिरी। इस घटना में छह लोगों को चोटें आईं। अस्पताल में पहुंचे घायलों में से चिकित्सकों ने जहां रामसुमेर, नंदकिशोर, शंकरलाल, संजय, राजेश को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दी वहीं गंभीर रूप से घायल विजय को रोहतक पीजीआई रेफर किया गया। इनमें से अधिकांश लोगों को जहां गुम चोटें आई वहीं दो लोगों के सिर व एक व्यक्ति के पांव में चोट लगी। अस्पताल परिसर में उपचार कराने पहुंचे घायल राजेश ने बताया कि वह यूपी के प्रतापगढ़ का रहने वाला है तथा विजयनगर जा रहा था। उनकी बस विभिन्न स्थानों से श्रमिकों को लेकर उन्हें राजस्थान के हनुमानगढ़, गंगानगर, विजयनगर व निकटवर्ती क्षेत्रों के ईंट भट्ठों पर छोड़ने जा रही थी। उनकी बस रात करीब सवा एक बजे एक होटल पर रुकी थी। उसके बाद जब वे दादरी तोए के पास पहुंचे तो अचानक उनकी बस पलट गई। नंद किशोर ने बताया कि गाड़ी में लोगों की संख्या अधिक थी। शंकर लाल ने बताया कि उसे हनुमानगढ़ जाना था। संजय ने बताया उसे नहीं पता कि गाड़ी कैसे टकराई। इस घटना में उसके पैर में चोट लगी है जिसकी मरहम पट्टी चिकित्सकों द्वारा की गई।





झज्जर। प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल परिसर में उपस्थित घायल।

## साइबर ठगों ने युवक के खाते से उड़ाए एक लाख 14 हजार

**बहादुरगढ़।** गांव मेहंदीपुर निवासी एक युवक के साथ साइबर ठगी की वारदात हो गई। शातिरों ने उसे बातों में उलझाकर करीब एक लाख 14 हजार से अधिक रुपयों की चपत लगा दी। पीड़ित के परिवार की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- कबलाना कॉलेज में पढ़ता है युवक, इंस्टाग्राम पर एड देखकर ठगों के चंगुल में फंसा

पुलिस को दी शिकायत में मेंहदीपुर डाबोदा की निवासी बबीता ने कहा है कि उसका बेटा कबलाना में स्थित एक कॉलेज में पढ़ता है। कुछ समय पहले बेटे के कॉलेज में कोई समारोह था। इसलिए बेटे को किसी सामान की जरूरत थी। बेटे ने इंस्टाग्राम पर कोई एड देखी और उस पर क्लिक कर दिया। फिर कुछ शातिरों ने उससे फोन पर संपर्क किया। उसे बातों में उलझाकर रुपये मंगवाने लगे। हमारे दो खातों से कई बार करके उन शातिरों ने बेटे से एक लाख 13 हजार 977 रुपये हड़प लिए। इतने रुपये हड़पने के बाद कहते कि आपका बैंक खाता मेंटेन नहीं है। इस तरह से डिमांड जारी रखी। फिर मैंने अपने पति को मामले से अवगत कराया तो पुलिस को शिकायत दी। इस संबंध में अब केस दर्ज हो पाया है।

## बीआरजी के धावकों ने 26 किमी दौड़कर किया नए साल का स्वागत





बहादुरगढ़। न्यू ईयर लॉन्ग रन पूरी करने के बाद बीआरजी के धावक। फोटो : हरिभूमि

- लोगों को जीवनशैली में फिटनेस को जगह देने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नए वर्ष 2026 की शुरुआत में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावकों ने 26 किलोमीटर की दौड़ लगाई। हर बार की तरह अनोखे अंदाज में नए साल का स्वागत किया। प्रवीन सांगवान व दीपक छिल्लर ने धावकों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही आमजन को अपनी जीवनशैली में फिटनेस को जगह देने के लिए प्रेरित किया।

बीआरजी के संस्थापक दीपक छिल्लर ने बताया कि उनका ग्रुप अनुशासन, समर्पण और सकारात्मक सोच की जीवंत मिसाल है। बीआरजी अलग स्टाइल और मजबूत फिटनेस संस्कृति के लिए जाना जाता है। वे हर खास दिन को दौड़ और स्वास्थ्य के संकल्प के साथ मनाते हैं। इसी क्रम में नए साल 2026 के पहले ही सवेरे बीआरजी के धावकों ने 26 किलोमीटर की दूरी तय की।

### इन्होंने लिया भाग

विशेष न्यू ईयर लॉन्ग रन में ब्रह्मप्रकाश मान, गुलाब सिंह, सुनील बेनीवाल, धर्मवीर सैनी, धर्मवीर, लक्ष्मण, नवनीत, रचित, मेजर कुलवंत, प्रमोद कुमार, नवनीत दलाल, विकास राठी, देव मलिक, नीरज राठी, राजू, रणबीर सिंह सांगवान, अनिल शर्मा, आशीष, रचित दलाल, सत्यवान, सुरेंद्र, अजय व सागर आदि ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### सड़क हादसे में मृतक की हुई पहचान, डेयरी में पशुओं की देखभाल करता था मोगल सदा

**झज्जर।** बुधवार को रेवाड़ी मार्ग पर पंचनद चौक के नजदीक डंपर की टक्कर से साइकिल सवार की मौत मामले में वीरवार को पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मामले के जांच अधिकारी रवि ने बताया कि मृतक की पहचान बिहार के समस्तीपुर जिले के गांव कंजारा निवासी करीब 54 वर्षीय मोगल सदा पुत्र शिवनंदन सदा के रूप में हुई है। वह पिछले करीब डेढ़ माह से नया गांव के नजदीक एक पशु डेयरी में पशुओं की देखभाल का कार्य कर रहा था। वह शाम को जब घरेलू सामान लेने शहर आया हुआ था तो लौटते समय उसे एक डंपर ने कुचल दिया था। शव से बरामद आधार कार्ड के माध्यम से मृतक की शिनाख्त करते हुए परिजनों को सूचना दी गई। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों की शिकायत पर आरोपी डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।



## मुकुंदपुर में 34 लाख रुपये से बनेगी सड़क

- विधायक राजेश जून ने ग्रामवासियों की मौजूदगी में नारियल फोड़कर शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव मुकुंदपुर में नाहरा नाहरी रोड से सरकारी स्कूल तक करीब 560 मीटर लंबी सड़क को इंटरलॉकिंग टाइल्स से बनाया जाएगा। इस पर करीब 33 लाख 87 हजार की धनराशि खर्च होने का अनुमान है। वीरवार को विधायक राजेश जून ने ग्रामवासियों की मौजूदगी में नारियल फोड़कर इसका शुभारंभ किया। यह सड़क बनने से गांव के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

कार्यक्रम में विधायक राजेश जून का सरपंच सुमित के साथ ग्रामवासियों ने जोरदार स्वागत किया और लंबे समय से चली आ रही सड़क की मांग पूरी होने पर विधायक का आभार जताया। ग्रामीणों ने कहा कि यह सड़क गांव के विद्यार्थियों, बुजुर्गों और किसानों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी। विधायक राजेश जून ने मौके पर मौजूद ठेकेदार को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सड़क निर्माण में उच्च गुणवत्ता वाले मैटीरियल का प्रयोग किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक राजेश जून ने सीएम नायब सिंह सैनी की सराहना करते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में पूरे हरियाणा के साथ ही बहादुरगढ़ विधानसभा में भी विकास कार्य निरंतर गति पकड़ रहे हैं। क्षेत्र में रोजाना नई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और उद्घाटन कर उन्हें जनसेवा को समर्पित किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि उनके एक वर्ष के कार्यकाल में बहादुरगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 95 प्रतिशत रोड नए बन चुके हैं।



बहादुरगढ़। मुकुंदपुर गांव में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक।

**मौसम**

**2 एमएम बरसात गुरुवार अलसुबह 4 बजे हुई, एक्यूआई का स्तर 196 पर आया**

# बूंदाबांदी के साथ नए साल का आगाज, धुंध व प्रदूषण में मिली राहत

- आगामी दिनों में तापमान और गिरने की संभावना, बुजुर्ग रखें विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बूंदाबांदी के साथ नए साल का आगाज हुआ। इलाके में वीरवार सुबह दो एमएम बरसात दर्ज की गई। थोड़ी सी ही बरसात से जहां एक तरफ वायु की गुणवत्ता में सुधार आया तो इलाके में धुंध भी साफ हो गई। दरअसल, बुधवार की रात को तेज ठंडी हवा चल रही थी। वीरवार की सुबह मौसम ने करवट बदली और करीब चार बजे बूंदाबांदी शुरू हो गई। कुछ देर तक बूंदाबांदी हुई। बीते कई दिनों से पड़ रही घनी धुंध बरसात के कारण साफ हो गई। दिनभर सूरज की किरणें न के बराबर निकलीं। बीच बीच में ठंडी हवा भी चली, जिस कारण ठिठुरन बढ़ गई। वहीं, दूसरी तरफ प्रदूषण भी कम हुआ। वीरवार की दोपहर एक्यूआई 196 यानी येलो श्रेणी में रहा। इससे पहले यहां प्रदूषण की स्थिति चिंताजनक बनी हुई थी। कृषि विशेषज्ञों की मानें तो इस तरह की हल्की बरसात या बूंदाबांदी फसलों के लिए लाभदायक होती है। वहीं, आगामी दिनों में तापमान और गिरेगा। डॉक्टरों द्वारा लोगों को बच्चों तथा बुजुर्गों का विशेष ख्याल रखने की हिदायत दी गई है।

### दिनभर चली शीतलहर, लोग रहे अलाव की शरण में

**झज्जर।** मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार वीरवार अलसुबह हल्की बारिश हुई। बाद में दिनभर शीतलहर चलती रही, जिसके कारण ठंड में इजाफा हुआ। ठंड से बचने के लिए बुजुर्ग अपने घरों में ही रहे, जबकि विभिन्न चौक चौराहों और बाजारों में लोग अलाव तापते हुए दिखाई दिए। वीरवार को अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में तापमान में और अधिक गिरावट आने का अनुमान लगा रहे हैं। उधर, हल्की बारिश होने से किसान खुश हैं। किसानों का कहना है कि ठंड और बारिश दोनों ही गेहूं की फसल के लिए लाभकारी है। उन्होंने कहा कि अगर बारिश तेज होती है तो उनके एक पानी देने की बचत होगी। वहीं बढ़ती ठंड से बचने के लिए चिकित्सक बुजुर्गों और बच्चों को सुबह और सांय की सैर न करने और संतुलित आहार का सेवन करने की सलाह दे रहे हैं।



झज्जर। ठंड से बचने के लिए अलाव तापते हुए दुकानदार।

### यातायात पुलिस ने वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टिव टेप

**बहादुरगढ़।** यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर शहर में विशेष जागरुकता अभियान चलाया। अभियान के तहत ई-रिक्शा, ऑटो व दोपहिया सहित विभिन्न वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए। वाहन चालकों को नशे की हालत में ड्राइविंग न करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने, गति सीमा का पालन करने तथा यातायात नियमों का सख्ती से अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया गया। यातायात थाना प्रबंधक सतीश कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। थोड़ी सी लापरवाही गंभीर हादसों का कारण बन सकती है। उन्होंने विशेष रूप से ई-रिक्शा चालकों से निर्धारित सवारी क्षमता का पालन करने और वाहन पर रिफ्लेक्टर टेप अनिवार्य रूप से लगवाने की अपील की। अभियान के दौरान यातायात पुलिस कर्मियों ने मौके पर ही लोगों को नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया।





झज्जर। अतिथि एवं आयोजक कमेटी सदस्यों के साथ उपस्थित निशांत।

### राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में निशांत ने जीता स्वर्ण पदक

**झज्जर।** मध्यप्रदेश के गुना में आयोजित एसजीएफआई अंडर-14 राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ी निशांत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। मुक्केबाजी कोच हितेश देशवाल ने बताया कि 26 से 31 दिसंबर तक आयोजित इस 69वीं राष्ट्रीय शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए निशांत ने यह पदक 34 से 36 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए जीता। यह उपलब्धि उसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है। उसने यह पदक हासिल कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। इस सफलता पर मुक्केबाजी संघ के प्रधान हितेश देशवाल, सागर अहलावत व नवीन नेहरा ने निशांत के परिजनों को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

बच्चो, कल से शुरू हुए इस नए साल में एजुकेशन, टेक्नोलॉजी और गेमिंग में बहुत से बदलाव होने वाले हैं, जो तुम्हें बहुत पसंद आएंगे। इसमें तुम्हें ऐसे अनुभव मिलेंगे, जिसके बारे में तुमने सोचा भी नहीं होगा। कैसे होंगे ये एक्सपीरियंस और कैसे बदलेगी तुम्हारी लर्निंग-एंटरटेनमेंट और गेमिंग की दुनिया, तुमको यहां डिटेल में बता रहे हैं।



# इस साल लर्निंग-गेमिंग में मिलेंगे नए-नए एक्सपीरियंस

अपकमिंग टेक्नोलॉजी

शिखर चंद जैन

बच्चो, नए साल की शुरुआत हो चुकी है। कल तुमने धूमधाम से न्यू ईयर सेलिब्रेट किया होगा। साल 2026 में तुम्हारे लिए बहुत कुछ नया होने वाला है। इस बारे में तुमको यहां डिटेल में बता रहे हैं।

### एजुकेशन होगी टेक्नोफ्रेंडली

इस साल से तुम्हें स्कूल में पढ़ाई-लिखाई का एकदम नया और फ्रेश अनुभव मिलने वाला है। भारत सरकार ने घोषणा की है कि 2026-27 के शैक्षणिक सत्र से कक्षा 3 से ही सभी स्कूलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और कंप्यूटेशनल थिंकिंग (सीटी) को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। एआई आधारित ऐसे प्लेटफॉर्म्स का विस्तार होगा, जो स्टूडेंट्स की सीखने की गति और शैली के अनुसार पाठ तैयार करेंगे। एआई और सीटी पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई), आईआईटी मद्रास के एक्सपर्ट प्रोफेसर्स के साथ मिलकर इस दिशा में काम कर रहा है। नई नीति के तहत लंबे पाठों के बजाय छोटे, 5-10 मिनट के 'बाइट-साइज्ड' वीडियो और क्विज के माध्यम से पढ़ाई पर जोर दिया जाएगा।

### अमेजिंग होगा लर्निंग एक्सपीरियंस



जिस तरह से और जिस गति से एआई, साइंस एंड टेक्नोलॉजी का विकास हो रहा है, आने वाले समय में तुम्हारा लर्निंग एक्सपीरियंस बहुत ही अमेजिंग होने वाला है। तुम्हारे स्कूल बैग में किताबों का बोझ कम होगा, क्योंकि अलग-अलग किताबों में मौजूद सारी जानकारी तुम्हें एक ही टैबलेट (टैब) में मिल जाएगी। होलोग्राम 3-डी तकनीक तुम्हें अनोखा लर्निंग एक्सपीरियंस देंगे। सोचो, इतिहास पढ़ते समय साक्षात 'महाराणा प्रताप' या 'महात्मा गांधी' का होलोग्राम (3-डी डिजिटल रूप) क्लास में आ जाए, तो कैसा लगेगा? विज्ञान के प्रयोगों के लिए तुम वर्चुअल रियलिटी हैंडसेट का उपयोग करके आभासी लैब्स में केमिस्ट्री और फिजिक्स के एक्सपेरिमेंट्स कर सकोगे। पढ़ाई से जुड़ी तुम्हारी हर प्रॉब्लम, एआई ट्यूटर सॉल्व करेंगे। यह सब जानकर एक्साइटमेंट बढ़ रही है न! आने वाले समय में तुम्हारी स्मार्ट क्लासेज कुछ ऐसी ही होने वाली हैं।

### कर सकोगे साइंस-टेक्नोलॉजी के नए-नए एक्सपेरिमेंट्स

अब तुम्हारे लिए विशेष 'एसटीईएम' यानी साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ्स के किट्स बनेंगे। ये किट तुम्हें विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और मैथ्स के कॉन्सेप्ट्स को मजेदार तरीके से सीखने में मदद करेंगे। कई कंपनियां इसे बनाने में लगी हुई हैं। इससे भविष्य में एसटीईएम किट के कई नए और अपडेटेड वर्जन तुम्हारे लिए आसानी से उपलब्ध होंगे। इन किट्स की मदद से तुम घर पर ही सौर ऊर्जा से चलने वाली कारें, रोबोटिक हैंड या मिनी सर्किट और भी बहुत कुछ बना सकोगे।

### एंटरटेनमेंट का अमेजिंग एक्सपीरियंस



सोचो जरा, अगर तुम्हें अपने फेवरेट कार्टून कैरेक्टर के पास जाकर उससे अपने हिसाब से एक्ट करवाने का मौका मिल जाए, तो कितना मजा आएगा! आने वाले समय में ऐसा हो सकता है। यानी कार्टून फिल्म देखने का तुम्हारा एक्सपीरियंस पूरी तरह बदलने वाला है। तुम वर्चुअली कहानी में तय कर सकोगे कि तुम्हारा फेवरेट सुपर हीरो या कार्टून कैरेक्टर आगे क्या करेगा? जैसे तुम्हारे कमांड देते ही वह शेर से लड़ेगा, दुश्मनों से फाइट करेगा और तुम चाहोगे तो वह फ्रेंडशिप कर लेगा। ऐसे मेटावर्स थीम पार्क आएंगे, जिससे तुम 'वीआर चश्मा' लगाओगे और घर बैठे सीधे डिज्नीलैंड पहुंच जाओगे। मिकी माउस से हाथ मिला सकोगे या उसके साथ झूला झूलने का आनंद ले सकोगे।

### गेमिफिकेशन से बढ़ेगा अपनी पढ़ाई में इंटरेस्ट

आने वाले समय में तुम्हारे स्कूल प्रोजेक्ट्स 'क्वेस्ट' और 'मिशन' के रूप में होंगे, जहां अच्छा परफॉर्म करने पर तुम्हें बैज और रिवॉर्ड्स मिलेंगे। हालांकि अभी भी स्कूली बच्चों के लिए कई



बेहतरीन गेमिफिकेशन प्लेटफॉर्म्स उपलब्ध हैं, जो पढ़ाई को रोचक बनाने के लिए गेम मैकेनिक्स, जैसे पॉइंट्स, लीडरबोर्ड और बैज का उपयोग करते हैं। कुछ एडटेक कंपनियां गणित और विज्ञान जैसे जटिल विषयों को समझाने के लिए इंटरेक्टिव क्विज और विजुअल स्टोरी टेलिंग का उपयोग करती हैं। कई प्लेटफॉर्म शिक्षकों को गेमिफाइड क्विज और इंटरैक्टिव लेसन बनाने की सुविधा देते हैं। ऐसे और भी कई प्लेटफॉर्म्स भविष्य में तुम्हारे लिए उपलब्ध होंगे। इनके माध्यम से पढ़ाई-लिखाई में तुम्हारा इंटरेस्ट बढ़ेगा।

### मजेदार होगा गेमिंग एक्सपीरियंस

बच्चो, आने वाले समय में तुम्हें महंगे गेमिंग कंसोल की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि अब तुम्हारे लिए क्लाउड गेमिंग आसानी से उपलब्ध होगी। तुम किसी भी डिवाइस पर इंटरनेट के माध्यम से सीधे हाई क्वालिटी गेम खेल सकोगे। साथ ही इमर्सिव गेमिंग में ऑगमेंटेड रियलिटी का उपयोग करके तुम अपने कमरे में ही डिजिटल पात्रों के साथ खेल सकोगे। इससे तुम्हारा फिजिकल मूवमेंट बढ़ेगा, जिससे तुम्हें इनडोर गेम्स में आउटडोर गेम्स के बेनिफिट्स भी मिलेंगे। सिमुलेशन और फार्मिंग जैसे गेम्स का चलन भी बढ़ेगा, जो तुम्हें रिलैक्स फील कराने में मदद करेंगे। *

नया साल शुरू हो चुका है। इस साल अपनी खुशी बढ़ाने और आकर्षक व्यक्तित्व के लिए कुछ बातें जरूर अमल में लाओ। ये बातें तुम्हारी जिंदगी को आसान भी बनाएंगी। ये बातें कौन-सी हैं, जानो।

# नए साल में अपनाओ ये बातें मिलेगी एक अलग खुशी



सलाह

विमला नागला

मेरे प्यारे नन्हे दोस्तो, नया साल शुरू हो चुका है। तुम नए साल में जरूर नए उत्साह-उमंग से सराबोर होगे। कल तुमने नया साल, अपने दोस्तों के साथ जरूर सेलिब्रेट भी किया होगा। बच्चो, नए साल के मौके पर मेरे मन में कुछ बातें हैं, तुमसे जरूर कहना चाहूंगी। वैसे तुम हर साल न्यू ईयर अपनी-अपनी प्लानिंग के अनुसार मनाते ही हो, इस बार अपनी प्लानिंग में हमारी बातें या कहो, रेजॉल्यूशंस भी जोड़ो। मेरी बातें बहुत सरल सी हैं, इन्हें मानना बिल्कुल भी कठिन नहीं है। यकीन मानो, इसके परिणाम तुम्हें एक अलग तरह की खुशी देंगे, तुम्हारे व्यक्तित्व को एक नया और आकर्षक रूप देंगे। मेरी कौन सी बातें तुम अपने रेजॉल्यूशन में शामिल करो, जानो-

- रोज उगते हुए सूरज की खूबसूरती को कुछ देर जरूर निहारो, इससे ताजगी का अहसास होगा, शरीर में स्फूर्ति आएगी।
- प्रतिदिन कुछ समय पेड़-पौधों, फूलों,



पक्षियों संग बिताओ। यह संकल्प लो कि इस वर्ष पांच पौधे लगाकर उनकी पूरी देखभाल करेंगे। ऐसा करने से तुम प्रकृति से जुड़ोगे, पर्यावरण को संरक्षित करोगे, इसके प्रति जागरूक होगे।
- नियमित योग-कसरत करोगे। यह बेहतर



स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ और तेज मस्तिष्क का वास होता है।
- खास अवसरों पर अपने मित्रों-परिजनों को पत्र लिखोगे। ऐसा करने से लोगों से तुम्हारे रिश्ते मीठे और मजबूत बने रहेंगे।
- कुछ समय अपने बुजुर्गों के साथ बिताओगे। इससे बुजुर्गों का अकेलापन दूर होगा, उन्हें एक खुशी मिलेगी, तुम्हें भी उनका साथ भाएगा।
- सप्ताह में एक कहानी की पुस्तक पढ़ोगे। ऐसा करने से तुम्हें अच्छी शिक्षा मिलेगी, तुम्हारा भाषा ज्ञान बढ़ेगा।
- प्रतिदिन किसी एक की मदद या कोई एक भलाई का काम करोगे। यह आदत तुम्हें नेक इंसान बनाएगी।
- वर्ष भर अपनी पाठ्य-पुस्तकें, बस्ते, पढ़ाई की मेज को एकदम व्यवस्थित और साफ रखोगे। व्यवस्थित होकर रहने से हमारी जिंदगी आसान होती है।
- बेवजह किसी से भी नाराज नहीं होगे और न ही किसी से अनावश्यक बहस में पड़ोगे। तो बच्चो, तुम इन सभी बातों को एक संकल्प के रूप में अपनी डायरी में लिख लो और इनका ईमानदारी से पालन करो। शुरू में किसी नियम के निर्वहन में थोड़ी मुश्किल जरूर महसूस होती है, लेकिन बाद में कोई मुश्किल नहीं होती। बच्चो, 'जहां चाह वहां राह' निकल ही आती है। नए साल की तुम सभी को शुभकामनाएं ... *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# शिक्षाप्रद-रोचक कहानियां

बच्चो, तुम सब स्कूल तो जरूर जाते होगे। वहां तुमको अलग-अलग विषयों की जानकारी मिलती होगी। अपने दोस्तों के साथ खेलते भी होगे। हाल में ही तुम्हारे लिए अच्छी-अच्छी 68 कहानियों का एक संग्रह 'बचपन और स्कूल की मीठी-मीठी कहानियां' छपकर आया है। इसमें लगभग हर कहानी का बैकग्राउंड स्कूल से ही रिलेटेड है। इसमें तुमको कहीं अपने जैसे समझदार, पढ़ने में होशियार और दूसरों की मदद के लिए तैयार बच्चे मिलेंगे, तो कुछ में नटखट जंगली जानवरों पर रोचक कहानियां पढ़ने को मिलेंगी। संग्रह की पहली कहानी 'मिनी की दोस्त चींटियां' में तुम पढ़ोगे कि खेती के लिए नन्ही चींटियां भी कितनी महत्वपूर्ण होती हैं। ईयरफोन लगाने की हैबिट कितनी नुकसानदेह होती है, इसे तुम ' ईयरफोन की आदत' कहानी में जान सकते हो। समझदारी से कठिन काम भी कैसे आसान हो जाते हैं, इसे तेजी लोमड़ी की मजेदार कहानी 'पेट का एसी' में पढ़ सकते हो। किताब की हर कहानी से तुमको कोई न कोई शिक्षा जरूर मिलेगी। इन्हें पढ़ने में बहुत मजा भी आएगा। *




**किताब:** बचपन और स्कूल की मीठी-मीठी कहानियां (बाल कहानी संग्रह), **लेखिका:** रेनू सैनी, **मूल्य:** 450 रुपए, **प्रकाशक:** ग्रंथ अकादमी, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले



**रिंकू (टिंकू से) :** तुम्हारी बेतुकी बातों से मेरा दिमाग खराब हो गया है। मैं तुम्हारे घर आ रहा हूं।
**टिंकू :** अरे! तब तुम मेरे घर नहीं, मेरे मामा जी के घर जाओ।
**रिंकू :** क्यों?
**टिंकू :** क्योंकि वो दिमाग के डॉक्टर हैं।

**-खुशी, बिलासपुर**

**टीचर :** लड़के को अंग्रेजी में 'ही' और लड़की को 'शी' कहते हैं। अच्छा बताओ, कई लड़कों को अंग्रेजी में क्या कहेंगे?
**गोलू (कुछ देर सोचने के बाद) :** सर, जितने लड़के होंगे, उतने 'ही ही ही ' कहेंगे।

**-स्वप्निल, रायपुर**

## जीके क्विज-186



1. टी-20 क्रिकेट में चार हजार से अधिक रन बनाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर कौन बनी हैं?
2. लीप-ईयर में कुल कितने दिन होते हैं?
3. विश्व हिंदी दिवस कब मनाया जाता है?
4. आइजोल भारत के किस राज्य की राजधानी है?
5. किस देश को 'नीले आकाश की भूमि' के रूप में जाना जाता है?
6. सबसे हल्की गैस कौन-सी होती है?
7. कोशिका का पावर हाउस (पॉवर हाउस ऑफ सेल) किसे कहा जाता है?
8. सिक्कों का अध्ययन क्या कहलाता है?
9. किस जंतु को भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया गया है?
10. दिल्ली के वर्तमान उप राज्यपाल कौन हैं?

**बच्चों, जीके क्विज-186 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-185 का उत्तर :** 1.बंकिम चंद्र चटर्जी, 2. 1 जनवरी, 3.कोलकाता, 4.जर्मनी, 5.लियोनार्डो डिकैप्रियो, 6.मूसी नदी, 7.शैफाली वर्मा, 8.नागालैंड, 9.उत्तर प्रदेश, 10.मैथिली शरण गुप्त

**जीके क्विज-185 का सही उत्तर देने वाले :** मन्नत-कैथल, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, लालिमा-गरियाबंद, आयुष-कैथल, ओमदेव-मुंगेली, अनूप-रायगढ़, कबीर-हिसार, चीनू-रायगढ़, ज्योति-बैकुंठपुर, नीटू-सीतापुर, अंशुमन-दिल्ली



कहानी

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

टिठुरती सर्दी में उस गरीब लड़के के पास पहनने के लिए स्कूल ड्रेस का स्वेटर नहीं था। इसके लिए उसे रोज स्कूल में डांट पड़ती थी। वैभव को जब यह बात पता चली तो उसने अपने पापा से कहकर उस लड़के की मदद करनी चाही। क्या नए साल में वैभव यह नेक काम कर पाया? एक प्यारी सी कहानी।

# हैप्पी न्यू ईयर

नए साल का आज दूसरा दिन था। वैभव ट्रेन से उतरा तो ठंडी हवा से वह थर-थर कांपने लगा। दांतों ने किटकिटाना शुरू कर दिया। वैभव अपने पापा-मम्मी के साथ गुजरात से लौटा था। वहां तो सर्दी नहीं थी। मौसम बढ़िया था। समुद्र के किनारे हाफ बनियान और नेकर में उसने खूब धमा-चौकड़ी की थी। समुद्र की लहरों से खूब बातें की थीं। आती हुई लहरों को देखकर वह जोर से चिल्लाता, 'आओ, आ जाओ!' फिर लहरें वापस जाने को होतीं तो ताली पीट-पीट कहता, 'गो बैक.. गो बैक..।' समुद्र के तट पर ऐसा आनंद उसके लिए एकदम नया था। अभूतपूर्व शब्द का सही अर्थ वह यहीं समझा था। वैभव ने पहली बार समुद्र देखा था। पापा-मम्मी की ओर से उसके लिए यह नए साल का एक अद्भुत उपहार था।

समुद्र के किनारे खड़े वैभव ने आने वाले हर नए साल में कुछ नया देखने की फरमाइश भी पापा से कर दी थी। मम्मी ने हंसते हुए कहा था, 'हां.. हां.. बिल्कुल! ... लेकिन तुम्हें भी हर साल कुछ न कुछ नया कर दिखाना होगा, दिखाओगे न..?'




'बिल्कुल मम्मी.. प्रॉमिस।' वैभव यह कहते हुए चहक उठा था। उसने बड़ा ही प्यार जताते हुए मम्मी-पापा दोनों का हाथ पकड़कर कहा था, 'मैं जब बड़ा हो जाऊंगा तो ऐसे ही आप दोनों को घुमाने ले जाया करूंगा।' बहरहाल, अब जब वैभव मम्मी-पापा के साथ अपने शहर में वापस आया तो यहां ठंड कुछ ज्यादा ही बढ़ गई थी। एक तो जबरदस्त कोहरा, उस पर हड्डियां कंपाने वाली सर्द हवाएं। उसकी तो विंटर वेकेशन चल रही थी। इसीलिए पापा ने गुजरात घूमने का प्रोग्राम बना लिया था। वैभव को अब इस बात की जल्दी थी कि अपने सारे दोस्तों से मिलकर उन्हें अपनी यात्रा के किस्से सुनाए। 'चाय पीनी है क्या?' पापा ने वैभव को कांपते देख पूछा। वह सर्दी में अपने दोनों हाथ रगड़ते हुए बोला, 'नहीं, पापा। जल्दी से घर चलिए। मुझे रजाई में कछुआ बनना है।' सभी स्टेशन से बाहर आए। उनको बाहर आता देखते ही कई ऑटो वाले सामने आ गए। सहसा वैभव की निगाहें स्टेशन के बाहर बनी नेकी की दीवार पर पड़ी। वहां हैप्पी न्यू ईयर का बड़ा-सा बोर्ड भी लगा था। बहुत सारे पुराने कपड़े भी टंगे हुए थे। उसकी ही उम्र का एक बच्चा उन कपड़ों में पता नहीं क्या खोज रहा था? इस बीच पापा ने एक ऑटो वाले को तय कर लिया था। वह वैभव से बोले, 'चलो बेटा।' पापा ने कहा तो वैभव के कदम जैसे वहीं ठिठक गए। 'क्या हुआ बेटे?' मम्मी ने उसे हिलाया, 'चलो न।' 'उस लड़के को देखो न पापा।' वैभव सामने की ओर देखते हुए बोला।

'हां, वह अपने साइज के कपड़े खोज रहा होगा।' पापा बोले।

'लेकिन... पापा वहां तो उसके साइज के कितने सारे कपड़े टंगे हैं। वह उन्हें कहां ले रहा है?' वैभव कुछ अचरज से बोला। 'चलो, उसी से पूछ लेते हैं, उसे क्या चाहिए?' पापा वैभव का मन भांपते हुए बोले। पापा उसे लेकर उस लड़के पास पहुंचे। वह लड़का पहले तो हिचका, लेकिन फिर उसने बताया कि वह नीले रंग का स्वेटर खोज रहा है। स्कूल में ड्रेस से मैचिंग स्वेटर न पहनने की वजह से उसे रोज डांट पड़ती है। कई बार वापस लौटने की सजा भी मिलती है। बातचीत में उसने अपने स्कूल और घर का पता भी बताया कि स्टेशन के पास ही बनी झुग्गियों में वह रहता है। उस लड़के ने यह भी बताया कि उसके पिता नहीं हैं। मां घरों में काम करती हैं। वैभव मचलते हुए बोला, 'पापा आप इसे नया स्वेटर दिला दीजिए न!' 'जरूर दिलाएंगे, केवल इसे ही नहीं, इसके जैसे अन्य बच्चों को भी हम लोग झुग्गियों में जाकर स्कूल ड्रेस के स्वेटर बांटेंगे, प्रॉमिस! हमने समझ लिया है, वह कहां रहता है?' पापा जब ऐसा बोले तो वैभव बहुत खुश हो गया।

पापा उस बच्चे से बोले, 'अब आप अपने घर जाओ। हम लोग आज ही आपके घर पर आएंगे।'

उस लड़के की आंखों में आंसू आ गए। वैभव ने उसे गले से लगा लिया और धीरे से कहा, 'माई डियर, हैप्पी न्यू ईयर।' उस बच्चे के मुख से कोई आवाज तो नहीं आई, लेकिन होंठ जरूर बुदबुदाए। वैभव बहुत खुश था। नए साल में यह कितना अच्छा और नया काम हो जाएगा। ठंड अब उसे बेअसर सी लग रही थी, क्योंकि उसके भीतर एक नेक काम की गर्माहट थी। *

कविता

राजेंद्र श्रीवास्तव

## नया वर्ष यह आया

दो हजार पचीस गया अब,
नया वर्ष यह आया।
नव उत्साह-नई आशाएं
नई उमंगें लाया।
नए वर्ष में नया सीखकर
अपना ज्ञान बढ़ाएं।
नई-नई तकनीकों से हम,
परिचित होते जाएं।
अपने आस-पास का मनहर,
वातावरण बनाएं।
पानी की कीमत पहचानें,
पर्यावरण बचाएं।
घर, बाजार, शहर, विद्यालय
जहां कहीं भी पाएं।
मिलने वाले हर अवसर का,
मित्रो लाभ उठाएं।



## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पर न्यू ईयर सेलिब्रेशन से जुड़े दो चित्र दिए गए हैं। वैसे तो ये दोनों चित्र दिखने में एक जैसे हैं, लेकिन इनमें आठ अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट आठ अंतर खोजो।




## चित्र पूरा करो

नया साल शुरू हुआ तो बच्चों ने कॉलोनी के पार्क में न्यू ईयर सेलिब्रेट किया। यहां इस सेलिब्रेशन का आधा-अधूरा चित्र दिया गया है। दाहिनी तरफ इस चित्र के कुछ कट-आउट्स दिए गए हैं। तुम चित्र और कट-आउट्स को ध्यान से देखो और सभी कट-आउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करो।




उत्तर : 1-B, 2-A, 3-C, 4-D

साध-संगत ने स्वामी नितानंद महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व पूजा-अर्चना करते हुए मन्नत मांगी

# बुराइयों को छोड़कर जीव कल्याण की भावना से कार्य करें: राजेंद्र दास

## जटेला धाम में नव वर्ष के उपलक्ष्य में विशाल सत्संग एवं भंडारे का आयोजन



झज्जर। सत्संग के दौरान उपस्थित साध-संगत। फोटो: हरिभूमि

■ एक जनवरी को नववर्ष की शुरूआत यूरोपीय देशों की परंपरा और संस्कृति का हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

तपोभूमि जटेला धाम में नव वर्ष के उपलक्ष्य में विशाल सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया गया। साध-संगत ने स्वामी नितानंद महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व पूजा-अर्चना करते हुए मन्नत मांगी।

सत्संग के दौरान महंत राजेंद्र दास महाराज ने कहा कि भारतीय नववर्ष का शुभारंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है, जिसे सूर्य, चंद्रमा, ब्रह्मांड और प्रकृति स्वीकार करते हैं। एक जनवरी को नववर्ष की शुरूआत यूरोपीय देशों की परंपरा और संस्कृति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि नववर्ष को तभी मंगलमय एवं सकारात्मक बनाया जा सकता है, जब हम अपने भीतर छिपी बुराइयों का परित्याग कर जीव कल्याण की भावना से कार्य करें। यही ईश्वर की सच्ची भक्ति है। उन्होंने साध-संगत से नियमित रूप से सूर्य नमस्कार करने, प्रतिदिन एक रोटी गाय को देने व नियमित जीव-जंतुओं को एक मुट्ठी अनाज डालने की आदत अपनाने के लिए भी प्रेरित किया।



झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में भजन प्रस्तुत करते हुए श्रद्धालु।

## मंगल भवन, अमंगल हारी.. भजन पर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

■ बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में नववर्ष के अवसर पर भजन-कीर्तन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में नववर्ष के अवसर पर भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में गणेश स्तुति व अमृतवाणी के साथ नववर्ष की शुरुआत भक्ति और श्रद्धा के साथ हुई। महिला श्रद्धालुओं ने मंगल भवन, अमंगल हारी, द्रबहु सु दसरथ, अजिर बिहारी ..राम सिया राम, सिया राम जय जय राम..हो, होइ है वही जो, राम रचि राखा, को करे तर्क, बढ़ावे साखा..शशी बहल, किरण अरोड़ा, संतोष हंस ने मेरी करुणामयी सरकार, मिला दो ठाकुर से इक बार कृपा करो भानु दुलारी, श्री राधे बरसाने वाली.. आदि भजन प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया।



झज्जर। ग्रामीणों व मंदिर कमेटी सदस्यों के साथ हवन में आहुति डालते संत सुरेहती।

## पाश्चात्य सभ्यता छोड़कर सनातन संस्कृति अपनाएं : संत सुरेहती

झज्जर। नव वर्ष के उपलक्ष्य में सुरेहती गांव स्थित हनुमान मंदिर में हवन का आयोजन किया गया। हवन में सुरेहती, कासनी, फतेहपुरी व हसनपुर के ग्रामीणों व मंदिर कमेटी सदस्यों ने भाग लिया। पंडित बेदल शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ कराए गए इस हवन में गौसेवा आयोग के सदस्य संत सुरेहती ने मुख्य यजमान के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि हमे पाश्चात्य सभ्यता को छोड़ कर अपने सनातन धर्म की संस्कृति को अपनाना चाहिए। यज्ञ से न केवल वातावरण शुद्ध होता है बल्कि नकारात्मकता भी नष्ट होती है। इस मौके पर दीवान सिंह, पूर्व सरपंच संदीप, प्रह्लाद भगत, विक्रांत पटवारी, विक्की, जयकरण पहलवान, सत्यवान, इकबाल, नरेंद्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ हवन कार्यक्रम में उपस्थित निदेशक सोमबीर कोडान। फोटो: हरिभूमि

## हवन में आहुति डालकर की सर्वमंगल की कामना

झज्जर। एमआर स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा नववर्ष के स्वागत में हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस वैदिक हवन का शुभारंभ विद्यालय के संस्कृत अध्यापक पूनम चंद एवं सुभाषचंद्र शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। शिक्षकों ने एक-दूसरे को नववर्ष की बधाई देते हुए विद्यार्थियों के सुखद भविष्य की कामना की। हवन में उपस्थित एमआर ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक सोमबीर कोडान ने कहा कि यज्ञ-हवन उनके संस्थान की एक नियमित एवं महत्वपूर्ण परंपरा है। यह न केवल पर्यावरण की शुद्धि का माध्यम है, बल्कि भारतीय दर्शन की समृद्ध आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को आत्मसात करने का भी एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि यज्ञ एक साधारण अनुष्ठान नहीं, बल्कि मानव द्वारा ब्रह्मांड के लिए किए गए बलिदान और निस्वार्थ योगदान का प्रतीक है। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ किया गया। इस दौरान प्राचार्या नेहा शर्मा ने विद्यार्थियों को आगामी वर्ष में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने कर्त्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर निदेशिका संगीता कोडान व सुभाषचंद्र यादव सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। नव वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित हवन में शिक्षकों के साथ उपस्थित निदेशक बिजेंद्र कादियान। फोटो: हरिभूमि

## इंडो अमेरिकन स्कूल में हवन से नववर्ष का शुभारंभ

झज्जर। इंडो अमेरिकन स्कूल में नव वर्ष के उपलक्ष्य में हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान के नेतृत्व में आयोजित इस हवन में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने आहुति डालते हुए सकारात्मक ऊर्जा, आध्यात्मिक वातावरण तथा सर्वमंगल की प्रार्थना की। शिक्षकों ने अपने-अपने विभाग की ओर से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, अच्छे स्वास्थ्य और शैक्षणिक प्रगति की कामना की। अपने संबोधन में निदेशक बिजेंद्र कादियान ने कहा कि नया साल नई ऊर्जा, नए संकल्प और नए अवसर लेकर आता है। हमें मिलकर शिक्षा और संस्कार की दिशा में इसी तरह आगे बढ़ते रहना है।



झज्जर। संस्थान सदस्यों के साथ उपस्थित प्रशिक्षणार्थी। फोटो: हरिभूमि

प्रतिभागियों ने सीखे कंप्यूटर एकाउंटिंग संबंधित विभिन्न विषय

## युवाओं को दिया कंप्यूटर एकाउंटिंग प्रशिक्षण

झज्जर। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित कंप्यूटर एकाउंटिंग का 38 दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम वीरवार को संपन्न हो गया। ग्रामीण व शहरी युवाओं को कंप्यूटर आधारित लेखांकन प्रणाली में दक्ष बनाकर उन्हें स्वरोजगार व नौकरी के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कंप्यूटर एकाउंटिंग से संबंधित विभिन्न विषयों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने टेली, ईआरपी, एमएस ऑफिस, बहीखाता प्रबंधन, लेजर, जर्नल, कैश बुक, बैंक बुक, बिलिंग सिस्टम, आय-व्यय लेखा, स्टॉक प्रबंधन, जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं रिटर्न फाइलिंग की प्रक्रिया तथा डिजिटल लेखांकन जैसे विषय सीखे। प्रतिभागियों को बैंकिंग प्रणाली, वित्तीय अनुशासन, डिजिटल लेन-देन एवं उद्यमिता विकास से संबंधित जानकारी भी दी गई। पीएनबी आरसेटी के निदेशक उमेश भूकर ने कहा कि आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर एकाउंटिंग की मांग लगातार बढ़ रही है। इस मौके पर संस्थान से आशीष रोहिल्ला, सतपाल सिंह, आशीष शर्मा, कुसुम, अंशी भटनागर, पून्यपाल, सरिता शर्मा और शशि कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

■ मातनहेल आईटीआई में सीनियर डिविजन की एनसीसी शाखा को मंजूरी मिली

# पूर्व सैनिकों की बैठक में फिर उठी सैनिक स्कूल बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

वीरवार को तहसील मातनहेल के पूर्व सैनिकों द्वारा गांव के कम्युनिटी सेंटर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्राम सरपंच विजयलता ने मुख्य रूप से शिरकत की। बैठक में सूबेदार श्रद्धानंद ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णय तथा प्रगति रिपोर्ट की जानकारी देते हुए बताया कि मातनहेल आईटीआई में सीनियर डिविजन की एनसीसी शाखा को मंजूरी मिली है।

राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में लड़के व लड़कियों के लिए एनसीसी विंग शुरू करने संबंधी केस उच्च अधिकारियों को भेजा जा चुका है। इस संबंध में समिति सदस्य चंडीगढ़ जाकर भी अधिकारियों से मिलेंगे। इसके अलावा राजकीय महाविद्यालय मातनहेल के भवन प्रयास कार्य में सकारात्मक कार्रवाई हो रही है। बैठक में सैनिक स्कूल की मांग को भी उठाया गया जिसके लिए ग्राम पंचायत द्वारा पहले ही 61 एकड़ जमीन दी जा चुकी है। कर्नल जय सिंह सुहाग ने बच्चों का भविष्य सुधारने के लिए आठवीं कक्षा तक का एक स्कूल ग्राम पंचायत अधीन चलाने, प्रदेश स्तरीय पशु चिकित्सालय या कृषि संबंधी संस्था खोलने की मांग प्रदेश सरकार करने का परामर्श दिया जिसका सभी सदस्यों द्वारा समर्थन किया गया। इस मौके पर सूबेदार सत्यप्रकाश, सूबेदार धर्मवीर, सूबेदार जगदीश, सूबेदार मेजर जयभगवान, सूबेदार सूरजमल, कप्तान बिजेंद्र, सूबेदार नरेंद्र, नायब सूबेदार विजय, श्रीभगवान, जोगेंद्र, बलवान, ईश्वर, नायक जयप्रकाश, कप्तान जयपाल, राजेंद्र, सुरेश, लायकराम सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। बैठक के दौरान उपस्थित पूर्व सैनिक एवं ग्राम सरपंच। फोटो: हरिभूमि



झज्जर। थाने वाले पीर के नजदीक प्रसाद वितरण करते हुए आयोजक समिति के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## नव वर्ष के उपलक्ष्य में किया प्रसाद वितरण

झज्जर। नव वर्ष के उपलक्ष्य में शहर में विभिन्न स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। मेन बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड रोड, अंबेडकर चौक स्थित श्रीश्याम अखंड ज्योति मंदिर तथा थाना वाले पीर के नजदीक आयोजित भंडारों में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं शहर की गोशालाओं और मंदिरों में भी लोगों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने पूजा अर्चना करते हुए अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।

## पशुधन बीमा योजना का लाभ उठाएं पशुपालक : डीसी

झज्जर। हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में पशुधन को जोखिम से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से पंडित दीन दयाल उपाध्याय सामूहिक पशुधन बीमा योजना क्रियावित की जा रही है। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने जिले के पशुपालकों से आह्वान किया है कि वे योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए अपने पशुधन का बीमा अवश्य करवाएं। उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में उन्हें वित्तीय क्षति से बचाया जा सके।



स्वप्निल रविन्द्र पाटिल,डीसी

## सुपरवाइजर ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

रेवाड़ी। माजरा गांव में किराए के कमरे में रह रहे निर्माणाधीन एम्स के साइट सुपरवाइजर ने फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया। परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया। मूल रूप से यूपी के पूरेपटई पूरेप्रेम गांव निवासी 23 वर्षीय गोविंद माजरा में एम्स की बिल्डिंग का निर्माण कराने वाली कंपनी एलएंटी में साइट सुपरवाइजर था। वह गांव माजरा में कमरा किराए पर लेकर रह रहा था। गत बुधवार को वह अपनी ड्यूटी पर नहीं पहुंचा। देर शाम को उसके साथ कार्य करने वाले कर्मचारियों ने उसके कमरे पर पहुंचकर देखा, तो उसका शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस का दी। सूचना मिलने के बाद थाना खोल पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाकर जांच शुरू की गई। बाद में मृतक के परिजनों को भी घटना की सूचना दी गई। रात को शव मोर्चरी में रखवाने के बाद पुलिस ने वीरवार सुबह पोस्टमार्टम करा दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

■ बिजली, पेयजल सड़क, पीपीपी और पेंशन से संबंधित शिकायतें ज्यादा आईं

# समाधान शिविर में एडीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं, समाधान करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

नागरिकों की समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से वीरवार को जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता एडीसी जगनिवास ने की। उन्होंने आमजन की शिकायतें सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

शिविर में आधा दर्जन शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें बिजली, पेयजल, सड़क, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व मामलों, पंचायत भूमि, बीपीएल व राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन तथा परिवार पहचान पत्र से संबंधित शिकायतें शामिल रही। एडीसी ने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निवारण करना है। समाधान शिविर प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम हैं, जिससे नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते।




झज्जर। जिला स्तरीय समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनते हुए एडीसी जगनिवास। फोटो: हरिभूमि

# नालियों का लेवल ऊंचा करने से लोग परेशान

झज्जर। गली निर्माण कार्य के दौरान नालियों का लेवल ऊंचा उठाने की शिकायत शहर की प्रिया कालोनी निवासियों द्वारा दी गई। नगर परिषद चेयरमैन को दी गई शिकायत में गली निवासी ओमप्रकाश भौरिया, सरोज, विजेंद्र आदि ने बताया कि नगर परिषद द्वारा उनकी कालोनी स्थित डॉक्टर राजोतिया वाली गली को बनाया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा मनमानी करते हुए निर्माणाधीन गली को जहां उनकी गली से ऊंचा उठाया गया है वहीं नालियों का लेवल भी पांच से छह इंच ऊंचा किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि ऐसे में उनकी बंद गली का लेवल नीचा रह जाएगा जिस कारण पानी निकासी में परेशानी आएगी। संबंधित गली निवासियों ने मांग की है कि नालियों का लेवल सही कराया जाए। जिससे पानी निकासी में परेशानी न आए।



झज्जर। निर्माणधीन गली जिसमें ऊंचा किया जा रहा नाली का लेवल।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर

# अभियान चलाकर स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान



झज्जर। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई करते हुए स्वयंसेवक। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ में चल रहे सात दिवसीय एनसएस शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया गया। इंफोर्मेशन ऑफिसर रविंद्र कौशिक ने बताया कि शिविर में राजकीय विद्यालय खंडेवला के प्रवक्ता सुखबीर सिंह ने वाणिज्य शिक्षा व एनएसएस प्रभारी मंदीप ने एनएसएस के उद्देश्य बारे स्वयंसेवकों को जानकारी भी दी। इस मौके पर राकेश, संदीप, अशोक, बलजीत कटारिया सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

झज्जर। वीरवार को पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादरी तोए में सात दिवसीय एनएसएस शिविर की शुरूआत की गई। एनएसएस के जिला समन्वयक अनिल ढुल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र व शिक्षकों के साथ मिलकर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयंसेवकों के साथ अनुभव सांझा करते हुए स्वयंसेवकों को बताया कि वे स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से ही अपने चरित्र व व्यक्तित्व का निर्माण कर सकते हैं। इस दौरान स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। एनएसएस कार्यकम अधिकारी सुनील गुलिया व शालू ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के मूल उद्देश्य से अवगत कराते हुए उन्हें शिविर के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा की जानकारी दी। इस मौके पर आशीष कादियान, मास्टर नरेश, कमल, कुलदीप सांगवान सहित अन्य भी उपस्थित रहे।




झज्जर। मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र। फोटो: हरिभूमि

# स्वयंसेवकों को बताए मानसिक स्वास्थ्य ठीक रखने के उपाय



झज्जर। स्वयंसेवकों को योगाभ्यास कराते हुए शिक्षक।

शिविर में प्राचार्य डॉक्टर सम्मत सिंह ने स्वयंसेवकों को मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखने के उपायों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज. झज्जर

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूरावास में चल रहे एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि शिविर में प्राचार्य डॉक्टर सम्मत सिंह ने स्वयंसेवकों को मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखने के उपायों की जानकारी दी।

इस दौरान स्वयंसेवकों को विभिन्न योग एवं प्राणायामों का महत्व समझाते हुए उनका अभ्यास भी कराया गया। इसके अलावा स्वयंसेवकों द्वारा गांव में जागरुकता रैली निकाली गई। उन्होंने बताया कि आगामी पांच जनवरी तक चलने वाले इस शिविर में वक्ताओं द्वारा स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा भावना व सहयोग भावना के लिए प्रेरित किया गया।

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। इस्कॉन मंदिर में हुए उत्सव में दीप दान करते श्रद्धालु।

### इस्कॉन मंदिर में प्रेम प्रदीप उत्सव मनाया

**बहादुरगढ़।** वीरवार को लाइनपार स्थित श्री श्री राधा मदनगोपाल इस्कॉन मंदिर में नव वर्ष के उपलक्ष्य में प्रेम प्रदीप उत्सव मनाया गया। श्रद्धालुओं ने नए साल की शुरुआत श्री श्री राधा मदनगोपाल जी के दर्शन तथा भजन कीर्तन के साथ की। वीरवार शाम महा आरती के बाद सभी ने दीपदान किया। इसके उपरांत रॉक कीर्तन तथा नव वर्ष पर संबोधन हुआ। गोपाल गार्डन के नन्हे बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। अंत में सभी के लिए विशेष प्रसाद वितरित किया गया।



बहादुरगढ़। हवन में आहुति डालते सार्थक समिति के सदस्य।

### हवन के साथ किया नववर्ष का स्वागत

**बहादुरगढ़।** सार्थक सेवा समिति ने सार्थक पब्लिक लाइब्रेरी में हवन करके नववर्ष 2026 का शुभारंभ किया। समिति अध्यक्ष एनएस कपूर ने बताया कि सार्थक परिवार द्वारा हर वर्ष की शुरुआत ऐसे ही की जाती है। कार्यक्रम के दौरान पूरे विश्व में अमन-चैन की प्रार्थना की गई। साथ ही युवाओं को हर प्रकार के नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने का आह्वान भी किया। सबने एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए अंत में लड्डू और फलों का वितरण किया गया।

### नगर परिषद कार्यालय के गेट पर की नारेबाजी

# सफाई कर्मियों ने धरना देकर ठेका प्रथा का विरोध जताया

दो माह का बकाया वेतन देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

नगर परिषद कार्यालय के गेट पर सफाई कर्मियों ने ठेका प्रथा समाप्त करने और दो माह के बकाया वेतन की मांग को लेकर धरना देकर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए नगर परिषद में सीधे अनुबंध के आधार पर नियुक्ति की मांग की। कर्मचारियों का कहना है कि वे वर्षों से शहर की सफाई व्यवस्था संभाल रहे हैं, लेकिन उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल रहा। पिछले दो महीनों से वेतन न मिलने के कारण आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। मोनू प्रधान, अनिल, विजय, दर्शना और संदीप ने बताया कि परिवार का पालन-पोषण मुश्किल हो गया है। करीब एक साल से उनका शोषण हो रहा है और प्रशासन उनकी समस्याओं पर गंभीरता नहीं दिखा रहा। उन्होंने बताया कि 17 दिसंबर को नगर परिषद की सामान्य बोर्ड बैठक में सफाई ठेका रद्द करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ था, जिससे उन्हें राहत की उम्मीद जगी थी।

**नप में अनुबंध के आधार पर नियुक्ति की मांग की**



बहादुरगढ़। नगर परिषद के गेट पर धरनारत सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

#### ठेकेदार के अधीन नहीं करेंगे काम

अब पुनः ठेकेदार के माध्यम से काम कराने की बात सामने आने से रोष बढ़ गया है। कर्मचारियों ने कहा कि वे नगर परिषद के अधीन काम करने को तैयार हैं, लेकिन ठेकेदार के अधीन नहीं। साथ ही उन्होंने माह में कम से कम चार छुट्टी, आठ घंटे कार्य समय और समय पर वेतन सुनिश्चित करने की मांग भी रखी। जब तक ठेका प्रथा पूरी तरह समाप्त कर उन्हें नगर परिषद के अधीन अनुबंध पर नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# हवन के साथ कैंप की शुरुआत

- राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत हवन के साथ की। मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त जिला वन अधिकारी सतवीर दहिया ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष मुद्दों पर अपने विचार सांझा किए।



बहादुरगढ़। कैंप के शुभारंभ पर हवन में आहुति डालते एनएसएस स्वयंसेवक।

#### संकट के समय स्वयंसेवक सक्रिय भूमिका निभाएं

हिंदी प्रवक्ता संजय मलिक ने मंत्र उच्चारण करके हवन को पूरा किया। प्रधानाचार्य मंजू रानी की अध्यक्षता में शिविर की शुरुआत हुई। एनएसएस के लक्ष्य गीत से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मंच का संचालन स्वयंसेविका महक ने किया। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी राकेश वत्स और कोमल गौतम ने बताया कि संकट के समय में स्वयंसेवक सक्रिय भूमिका निभाकर राष्ट्रीय सेवा में अपना योगदान देते रहे हैं।

*समाज को जोड़ते हैं धार्मिक कार्यक्रम*

# पूर्व विधायक राजेंद्र जून ने भंडारे में प्रसाद किया वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

पूर्व विधायक राजेंद्र जून ने नए साल के अवसर पर कई कार्यक्रमों में भाग लेकर लोगों से आपसी भाईचारे, सौहार्द और सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान किया। राजेंद्र जून वीरवार को गांव लोवा खुर्द व पटेल नगर में आयोजित भंडारों के साथ ही कई सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल हुए व प्रसाद वितरित किया। उनके अनुसार धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम समाज को जोड़ते हैं और आपसी प्रेम, सहयोग व सद्भाव का संदेश देते हैं।



बहादुरगढ़। एक कार्यक्रम में लोगों के साथ चर्चा करते पूर्व विधायक राजेंद्र जून।

# राम मंदिर में भजनों पर झूमे भक्त

- श्री श्याम मित्र मंडल ने किया श्री राम मंदिर में संकीर्तन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

नव वर्ष के उपलक्ष्य में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा वीरवार को ओमेक्स सिटी स्थित श्री राम मंदिर में संकीर्तन का आयोजन किया गया। खाटू नरेश के साथ ही बालाजी महाराज तथा भगवान श्री राम के भजनों ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

#### ये रहे उपस्थित

मुरली मनोहर, धर्मेश दर्शन, देवेंद्र गर्ग, महेंद्र व पारस ने खूब भजन गाए। कार्यक्रम में जयपाल सिंगला, पवन बंसल, विक्की मदान, राजेश मदान, अजय, नीरज गोयल, महेंद्र, ईश्वर, गणेश, प्रधान अतर सिंह कौशिक, जयप्रकाश गुप्ता, सतीश विश्वकर्मा, जगन्नाथ अरोड़ा, संतोष कौशिक व कृष्णा आहूजा आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। ओमेक्स सिटी मंदिर में कीर्तन करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

# वार्षिकोत्सव में जुटा 2.80 लाख रुपये चंदा

- विधायक राजेश जून समेत अन्य अतिथियों ने समिति की गतिविधियों को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव नूना माजरा के शिव मंदिर परिसर में वीरवार को उड़ान सेवा समिति का तृतीय वार्षिकोत्सव समारोहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों एवं सहयोगकर्ताओं के सहयोग से कुल 2 लाख 80 हजार का चंदा एकत्रित किया गया, जिसे समिति द्वारा आगामी सामाजिक, धार्मिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों में उपयोग किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके पश्चात समिति द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों, सेवा भावना एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उड़ान सेवा समिति के अध्यक्ष कर्नल अनिल जून तथा शिव मंदिर समिति के प्रधान राम सिंह ने समारोह में मुख्य अतिथि सूबे सिंह, विधायक राजेश जून, आदि का स्वागत सत्कार किया।




बहादुरगढ़। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

#### झूला पार्क का उद्घाटन

वरिष्ठ नागरिक सूबे सिंह ने झूला पार्क का उद्घाटन किया। मंच का संचालन रामकुमार जून ने किया। कार्यक्रम में उत्सव जैसा माहौल रहा और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस मौके पर चंद्रभान मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के सत्यपाल सिंह, क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट के वजीर सिंह दहिया, सार्थक सेवा समिति के महावीर सिंह और विद्या दान महा दान के अजय ग्रेवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने उड़ान सेवा समिति के कार्यों की सराहना करते हुए समाज सेवा के क्षेत्र में इसके योगदान को प्रेरणादायक बताया।



बहादुरगढ़। भंडारे में आयोजकों के साथ विधायक राजेश जून।

### पटेल नगर के शिव मंदिर में लगाया भंडारा

**बहादुरगढ़।** पटेल नगर के शिव मंदिर में भंडारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक राजेश जून ने भी शिरकत की। विधायक राजेश जून ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया तथा 11 हजार रुपये की धनराशि मंदिर कमेटी को दान स्वरूप भेंट की। उन्होंने कहा कि धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

# नशे के विरुद्ध नाटक के जरिए किया जागरूक

- वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने वीरवार को रेलवे स्टेशन तथा मानसिंह हाई स्कूल में नशे के विरुद्ध जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। स्वयंसेविकाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों तथा उससे होने वाले पारिवारिक, सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी नुकसानों को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। सीजेएम विशाल के मार्गदर्शन में आयोजित कैंप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से निता देवी, नशा मुक्ति केंद्र संचालक छोटूराम, पुलिस विभाग की तरफ से हवलदार विरेंद्र मौजूद रहे। उन्होंने समझाया कि नशा न केवल व्यक्ति के जीवन को अंधकारमय बनाता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है।




बहादुरगढ़। नशे के विरुद्ध नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करती स्वयंसेविकाएं। फोटो : हरिभूमि

#### नशा समाज की प्रगति में भी बाधक

उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि समाज की प्रगति में भी बाधा बनता है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम सामाजिक चेतना विकसित करते हैं और सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को सही मार्गदर्शन देकर ही नशा-मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है।

# सामाजिक पेंशन को पीपीपी से जोड़ने की इनेलो ने की निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

इनेलो के युवा नेता भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा वृद्धावस्था पेंशन समेत अन्य पेंशन को परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पारिवारिक आय से जोड़ने के निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा की है। भूपेंद्र राठी ने कहा कि यह फैसला न केवल सामाजिक न्याय के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है, बल्कि बुजुर्गों के आत्मसम्मान और स्वतंत्र जीवन के अधिकार का भी खुला अपमान है। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन व्यक्ति का सामाजिक अधिकार है, न कि परिवार की आर्थिक स्थिति से जुड़ी कोई योजना। परिवार में कोई कमाने वाला सदस्य होने का यह अर्थ नहीं कि बुजुर्ग की व्यक्तिगत जरूरतें समाप्त हो जाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि परिवार पहचान पत्र के लागू होने के बाद गरीब, बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग सबसे अधिक परेशान हैं।

**वृद्धावस्था पेंशन व्यक्ति का सामाजिक अधिकार**



भूपेंद्र राठी

- अपनी नीतियों को सही ठहराने में लगी हुई है सरकार

आय की गलत गणना, तकनीकी खामियां और रिकॉर्ड की त्रुटियों के कारण बड़ी संख्या में पात्र बुजुर्गों, विधवा एवं दिव्यांगों की पेंशन बंद कर दी गई है, लेकिन सरकार इन समस्याओं को दूर करने के बजाय अपनी नीतियों को सही ठहराने में लगी हुई है।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10 X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के छोटूराम नगर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता किशोरी का कई दिन बीत जाने के बाद भी कुछ सुराग नहीं लग पाया है। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। पुलिस को दी सूचना में छोटूराम नगर के निवासी सुबोध का कहना है कि उसकी करीब 21 वर्षीय बहन आरती गत छह अक्टूबर को घर से बाहर गई थी लेकिन वापस नहीं आई। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की। अब तक अपने स्तर पर तमाम संभावित ठिकानों पर तलाश चुके हैं लेकिन उसका कुछ अता पता नहीं है। उधर, लाइनपार थाने से जांच अधिकारी सविता का कहना है कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। युवती की तलाश के प्रयास जारी हैं।

**योजना** कृषि विभाग, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की संयुक्त टीम बना रहीं आईडी

# किसानों को एग्रीस्टैक आईडी से जल्द मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ : डॉ. कौशिक

- गांवों में जाकर एग्रीस्टैक आईडी के बारे में किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

उपमंडल में किसानों को सशक्त बनाने के साथ ही कृषि को आधुनिक, कुशल और लाभदायक बनाने के लिए एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों की एग्रीस्टैक आईडी बनाई जा रही हैं। उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. सुनील कौशिक ने फील्ड स्टॉफ को इसे लेकर किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए। बता दें कि कृषि विभाग के साथ ही राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की संयुक्त टीम उपमंडल के गांवों में जाकर एग्रीस्टैक आईडी बना रही है। एसडीओ डॉ. सुनील कौशिक ने बताया कि एग्रीस्टैक कृषि को डिजिटल बनाने और किसानों को सशक्त बनाने के लिए एक मजबूत डिजिटल नींव है। यह योजना केंद्र सरकार द्वारा बनाया गया एक डिजिटल ईको सिस्टम है। डेटाबेस में किसानों की पहचान, भूमि रिकॉर्ड, फसल की जानकारी, ऋण, बीमा और आय जैसी सभी जानकारी एक जगह इकट्ठा की जाती है ताकि किसानों को सही समय पर सस्ता कर्ज, बाजार तक पहुंच आदि सही मदद मिल सके।



बहादुरगढ़। ग्रामीणों को एग्रीस्टैक आईडी के बारे में बताते एसडीओ व अन्य।

#### सभी जानकारी एक ही जगह

कौशिक ने बताया कि यह किसानों के लिए एक यूनिक आईडी बनाता है, जिससे उनकी सभी कृषि संबंधी जानकारी एक ही जगह जुड़ जाती है। इसमें किसान की व्यक्तिगत जानकारी, खेत के कागजात, फसल के प्रकार, पानी की उपलब्धता, आय, बीमा, और सरकारी योजनाओं का रिकॉर्ड होता है। यह सरकार, बैंकों, बीमा कंपनियों और कृषि-तकनीक कंपनियों (स्टार्टअप्स) को किसानों को बेहतर सेवाएं देने में मदद करता है। उन्होंने किसानों से आगह किया कि वे अति शीघ्र एग्रीस्टैक आईडी बनवाएं।